



# आईजी-डीआईजी ने ली अपराध समीक्षा बैठक

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 3 अगस्त।** पुलिस प्रशासन की सक्रियता और जिम्मेदारी को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से चंबल रेंज के आईजी सचिन अतुलकर

**थाना प्रभारियों को दिए सख्त निर्देश**

और डीआईजी सुनील जैन ने रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम भिंड में एक विस्तृत अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की। इस बैठक में एसपी डॉ. असित यादव, एएसपी संजीव पाठक सहित समस्त अनुविभागीय अधिकारीगण तथा थाना प्रभारियों ने भाग लिया।

बैठक की शुरुआत में जिले की वर्तमान कानून व्यवस्था, अपराध की प्रवृत्तियों, तथा नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर गहन चर्चा की गई। सभी थाना प्रभारियों से उनके-अपने क्षेत्रों में अपराध की स्थिति, लंबित मामलों, संवेदनशील क्षेत्रों में की जा रही कार्रवाई और हाल की घटनाओं पर प्रेजेंटेशन मांगा गया।

**मुख्य निर्देश और समीक्षा बिंदु :** - नवीन आपराधिक कानूनों जैसे भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानों को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए सभी अधिकारी संवेदनशील एवं प्रशिक्षित रहें। - स्थानीय और संगठित अपराध पर विशेष रणनीति बनाकर कठोर कार्रवाई की जाए। अवैध हथियारों, मादक पदार्थों की तस्करी, साइबर अपराध, तथा गुंडा तत्वों पर विशेष अभियान चलाया जाए।

पुराने लंबित मामलों का शीघ्रता से निराकरण किया जाए। गंभीर अपराधों को प्राथमिकता सूची में रखा जाए तथा उनकी नियमित समीक्षा कर कार्रवाई की प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। गुमशुदा बालक-बालिकाओं की तलाश के लिए एक विशेष सेल तैयार कर कार्रवाई की जाए और प्रत्येक मामले में त्वरित जांच हो। नशामुक्ति अभियान को और तेज किया जाए। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जनजागरूकता शिविर लगाए जाएं तथा स्कूलों-कॉलेजों में संवाद कार्यक्रम किए जाएं।

बाढ़ संभावित क्षेत्रों में राहत एवं आपदा प्रबंधन के लिए पुलिस प्रशासन तैयार रहे। संवेदनशील स्थानों पर पेट्रोलिंग, चौकसी और बचाव उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। आगामी रक्षाबंधन पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में कानून व्यवस्था की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। भीड़-भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए एवं निगरानी तंत्र सक्रिय रखा जाए।

आईजी सचिन अतुलकर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय संवाद, त्वरित कार्रवाई और जवाबदेही बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग का चेहरा अब संवेदनशील, तकनीकी रूप से सक्षम और जनोन्मुखी होना चाहिए। पुलिस और जनता के बीच विश्वास की डोर मजबूत होनी चाहिए, ताकि अपराध की जड़ों तक पहुंचा जा सके। डीआईजी सुनील जैन ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे थाना स्तर पर बेसिक पुलिसिंग को सशक्त करें, रात में गश्त को नियमित करें, असामाजिक तत्वों पर नजर रखें और जनता के साथ संवाद बनाए रखें। उन्होंने कहा कि जो भी थाना प्रभारी लापरवाही या कमजोर कार्रवाई करते हैं, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। एसपी डॉ. असित यादव ने अंत में कहा कि अपराध पर नियंत्रण के लिए हमें संयुक्त रूप से काम करना होगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए अलर्ट मोड पर काम करने, गश्त और निगरानी बढ़ाने, और जनता के साथ सकारात्मक पुलिसिंग अपनाने का निर्देश दिया। बैठक में सभी अधिकारियों ने अपने क्षेत्रों में हो रहे अपराधों और उसके निवारण के उपायों की जानकारी साझा की और आवश्यक रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया।



## गोरमी थाना पुलिस ने 3 हजार रुपए का इनामी बदमाश पकड़ा, 4 सालों से चल रहा था फरार

**भिंड, 3 अगस्त।** एसपी डॉ. असित यादव के निर्देशन एएसपी संजीव पाठक और एसडीओपी संजय कोच्छा के मार्गदर्शन में गोरमी थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चार वर्षों से फरार चल रहे 3 रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। गोरमी थाना प्रभारी ध्यानेंद्र सिंह यादव ने बताया कि एसपी डॉ. असित यादव द्वारा चलाए जा रहे फरार आरोपितों की धरपकड़ अभियान के अंतर्गत थाना गोरमी में पंजीबद्ध अपराध आर्म्स एक्ट में दर्ज प्रकरण में आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। आरोपी की तलाश के लिए जब पुलिस उसके निजी निवास पर पहुंची, तो जानकारी प्राप्त हुई कि वह उत्तर प्रदेश के एटा जिला कारागार में निरुद्ध है। इस सूचना की पुष्टि के बाद गोरमी थाना पुलिस द्वारा न्यायालय मेहगांव से प्रोडक्शन वारंट जारी कराया गया, और 1 अगस्त को आरोपी कालीचरण पुत्र महेंद्रपाल सिंह लोधी निवासी ग्राम बरसौदा जिला कासगंज को विधिवत रूप से न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर गिरफ्तारी की अनुमति प्राप्त की गई। इसके बाद पंचानामा की प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ उपरांत उसका मेमोरेंडम तैयार किया गया, और रविवार को आरोपी को न्यायालय मेहगांव में पेश किया गया।

## बुजुर्ग के लिए जीवनदायनी बनी 108 एमरजेंसी एम्बुलेंस

**मेहगांव, 3 अगस्त।** गोहद, जानकारी के अनुसार गोहद ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम रूरी का पुरा के रहने वाले एक 70 वर्षी बुजुर्ग शोभाराम पिता हुब्बालाल जाटव जो पिछले कई दिनों से तपेदिक और शुगर के पेशेंट थे शनिवार की सुबह से ही अचानक उनको सांस लेने में दिक्कत आने लगी, और उनका ऑफिशियल लेवल भी कम होने लगा, परिजनों ने तुरंत अस्पताल पहुंचने के लिए 108 इमरजेंसी एंबुलेंस पर फोन लगा कर सूचना दी हालांकि बारिश होने के कारण उनके गांव तक गाड़ी नहीं पहुंच पा रही थी, लेकिन फिर भी जैसे-तैसे कड़ी मशक्कत के बाद उनके गांव तक गाड़ी पहुंचाई गई मरीज शोभाराम की गंभीर अवस्था को देखते हुए, पायलट मुरारी लाल गोस्वामी ने उन्हें शीघ्र सामुदायिक स्वास्थ केंद्र गोहद पहुंचाकर कर भर्ती करवाया, प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत में कोई सुधार न होने पर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ केंद्र गोहद से मेडिकल कॉलेज ग्वालियर के लिए रेफर कर दिया, पायलेट मुरारी लाल गोस्वामी ने बिना देरी किए शोभाराम को तुरंत मेडिकल कॉलेज ग्वालियर के जाकर भर्ती करवाया उनका इलाज चालू करवाया, जिससे उन्हें समय रहते सही उपचार दिलवाया जा सका और शोभाराम जी के लिए 108 एंबुलेंस जीवन दायिनी सिद्ध हुई।



## सांसद संध्या राय ने बौरेश्वर महादेव मंदिर में किया अभिषेक

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 3 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिण्ड-दतिया लोकसभा क्षेत्र की सांसद संध्या राय ने श्रावण मास के पावन अवसर पर प्रमुख

**पार्थ शिवलिंग निर्माण में लिया भाग**

धार्मिक स्थल बौरेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचकर जलाभिषेक किया तथा श्रद्धा के साथ पार्थिव शिवलिंग निर्माण में भी भाग लिया।



इस धार्मिक आयोजन के दौरान सांसद राय ने विधिपूर्वक भगवान भोलेनाथ का पूजन करते हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि श्रावण मास ईश्वर आराधना, प्रकृति की सुंदरता और आध्यात्मिक चेतना से भरपूर एक विशेष अवसर है। भगवान शिव की कृपा से जीवन में सकारात्मकता और नई ऊर्जा का संचार होता है।

**भोलेनाथ की कृपा से ही क्षेत्र में आती है समृद्धि : संध्या राय**

इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सांसद राय ने कहा कि अटेर क्षेत्र में स्थित यह प्राचीन महादेव मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना का भी प्रतीक है। सावन का महीना भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। शिवभक्ति के इस माह में विशेष पूजा, व्रत और अभिषेक का बड़ा महत्व है। उन्होंने कहा कि धार्मिक ग्रंथों के अनुसार समुद्र मंथन के समय जब विष का पान भगवान शिव ने किया था, वह श्रावण माह ही था। विषपान के कारण भगवान शंकर के शरीर में तीव्र ताप उत्पन्न हो गया था, जिसे शांत करने के लिए देवताओं और भक्तों ने उन्हें जल से अभिषेक किया और उन्होंने शीतलता के प्रतीक चंद्रमा को अपने मस्तक पर धारण किया। तभी से श्रावण में जलाभिषेक की परंपरा चली आ रही है।

## 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 3 अगस्त।** एसपी डॉ. असित यादव के निर्देशन,एएसपी संजीव पाठक एवं एसडीओपी लहार प्रवीण त्रिपाठी के मार्गदर्शन में थाना लहार पुलिस ने हत्या के एक दस हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता अर्जित की है।

टीआई रविंद्र शर्मा के अनुसार 30 जुलाई को लहार निवासी फरियादी सोनू चौधरी उर्फ सोहन स्वरूप द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि आरोपीगण बृजमोहन दुबे, पंकज दुबे, केदार दुबे, कृष्णा दुबे, राहुल दुबे एवं गोलू दुबे निवासीगण वार्ड क्रमांक 11, मढ़यापुरा लहार ने मिलकर हथियारों से हमला कर मोनू उर्फ मोहन प्रसाद चौधरी की हत्या कर दी। उक्त रिपोर्ट पर थाना लहार में मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। अपराध की गंभीरता को देखते हुए एसपी डॉ. असित यादव द्वारा सभी छह आरोपितों पर प्रत्येक पर दस हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। इसके बाद लहार पुलिस की टीमों ने तकनीकी सहयोग व मुखबिर की सूचना पर पूर्व में तीन आरोपितों बृजमोहन दुबे, केदार दुबे एवं पंकज दुबे को गिरफ्तार कर, उनके पास से 306 बोर की एकनाली बंदूक, 12 बोर की दुनाली बंदूक, 12 बोर के 4 खाली खोखे और 2 जिन्दा राउंड बरामद किए थे।



रविवार को टीम ने एक अन्य आरोपी राहुल दुबे पुत्र बृजमोहन दुबे निवासी वार्ड क्रमांक 11, मढ़यापुरा लहार को भी गिरफ्तार कर लिया है। इस दौरान अपराध में प्रयुक्त आलाजर्र भी जब्त किया गया है। मामले में अभी दो आरोपी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास सतत जारी हैं।

## रक्त की दो बूंदों से बची जिंदगी
## अधिवक्ता ने पेश की मानवता की मिसाल

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 3 अगस्त।** जब एक मरीज की जान सिर्फ 2 ग्राम रक्त पर आकर अटक जाए और चारों तरफ अंधेरे में सिर्फ़ एक उम्मीद की किरण चमके यह दृश्य शनिवार को भिंड के एक अस्पताल में देखने को मिला, जब ह्र पॉजिटिव रक्त की अत्यंत आवश्यकता थी और परिजन पिछले 24 घंटे से ब्लड की व्यवस्था के लिए दर-दर भटक रहे थे।

परिवार की निराशा तब उम्मीद में बदली, जब उन्होंने संपर्क किया संजीवनी रक्तदान संगठन से। संगठन को जैसे ही सूचना मिली, वैसे ही सक्रिय सदस्य एडवोकेट विपिन दुबे ने न केवल बिना देर किए अस्पताल पहुँचना सुनिश्चित किया, बल्कि स्वेच्छा से रक्तदान कर उस मरीज को नया जीवन भी दिया। बताया गया कि मरीज की हालत इतनी गंभीर हो गई थी कि शरीर में मात्र 2 ग्राम रक्त ही शेष था। डॉक्टरों ने तत्काल रक्त चढ़ाने की सिफारिश की, लेकिन दुर्लभ रक्त समूह और उपलब्धता की कमी ने स्थितियों को बेहद चिंताजनक बना दिया था।




विपिन दुबे, जो पेशे से अधिवक्ता हैं और साथ ही संजीवनी रक्तदान संगठन के सक्रिय सदस्य भी हैं, समाज सेवा के प्रति हमेशा समर्पित रहते हैं। विपिन जी का यह सेवा भाव न केवल मानवता की मिसाल है, बल्कि यह दर्शाता है कि रक्तदान केवल दान नहीं, यह जीवन की सबसे बड़ी भेंट है।

## भरौली में विशाल भंडारे का आयोजन होगा एवं सेवा में शिव दर्शन

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 3 अगस्त।** भरौली के ग्रामवासियों ने इस वर्ष भी शिव मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया है। यह आयोजन न केवल श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था करता है, बल्कि गांव की सामूहिकता, सेवा भावना और धार्मिक चेतना का उज्ज्वल प्रमाण भी है। सभी भक्तों से विनम्र अपील है कि भंडारे का प्रसाद अवश्य ग्रहण करें। भांडेर की यह काँवर यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जन-जन के भीतर बसे शिव तत्व की अभिव्यक्ति है। यह वह अवसर है जहाँ श्रद्धा, सेवा, अनुशासन और सौहार्द्र का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यह आयोजन दर्शाता है कि जब आस्था और संगठन एक साथ चलें, तो वह न केवल भक्ति का मार्ग प्रशस्त करते हैं, बल्कि समाज को भी एक नई दिशा देते हैं।

## कांग्रेस प्रदेश सचिव चौधरी ने किया मेहगांव के बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 3 अगस्त।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रदेश सचिव प्रमोद चौधरी ने मेहगांव विधानसभा क्षेत्र

**किसानों और गरीबों के लिए मांगी तत्काल राहत**

के बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया और पीड़ितों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को जाना। इस दौरान उन्होंने खाने के पैकेट वितरित कर लोगों को राहत पहुँचाई और प्रशासन से तत्काल सहायता उपलब्ध कराने की माँग की।

मप्र कांग्रेस के प्रदेश सचिव प्रमोद चौधरी ने बताया कि सिंध और बेसली नदी के उफान के कारण मेहगांव क्षेत्र में ग्राम छोटी भरौली, बड़ी भरौली, कछपुरा, बरैठी, महाराजपुरा सहित कई गांवों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। चौधरी ने गांव-गांव जाकर पीड़ित किसानों और गरीब परिवारों से मुलाकात की और उनकी जान-माल की क्षति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष अमायन तहसील के आसपास के क्षेत्रों को बाढ़ की त्रासदी का सामना करना पड़ता है, जिससे लोगों को लाखों रुपये की क्षति उठानी पड़ती है, लेकिन अब तक इसका कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है।




कांग्रेस प्रदेश सचिव ने विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि किसान और गरीब परिवार इस आपदा से सबसे अधिक प्रभावित होते हैं, अतः राज्य शासन को चाहिए कि वह स्थायी समाधान की दिशा में गंभीर पहल करे। साथ ही उन्होंने मांग की कि जिन किसानों और ग्रामीणों को नुकसान हुआ है, उनका शीघ्र सर्वे कराकर उचित मुआवजा और राहत राशि प्रदान की जाए। प्रमोद चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आपदा की इस घड़ी में आमजन के साथ खड़ी है और जब तक पीड़ितों को राहत नहीं मिल जाती, तब तक प्रशासनिक जवाबदेही के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

# श्रावण मास की पुण्यधारा में डूबी भांडेर की दिव्य कांवर यात्रा

### जहां है आस्था, सेवा और समर्पण का अनुपम संगम, यात्रा सोनतलैया से आरंभ होकर भरौली के प्राचीन शिव मंदिर तक पहुंचेगी

**दतिया, 3 अगस्त।** श्रावण मास वह पावन समय है जब संपूर्ण भारतवर्ष भगवान भोलेनाथ की भक्ति में सराबोर हो जाता है। चारों दिशाओं में च्बोल बम बोल बमज्ज की गूंज और शिवभक्तों की टोलियाँ काँवर उठाए एक ही लक्ष्य लिए बढ़ती हैं। गंगाजल या किसी पुण्य सरोवर के जल से शिवलिंग का अभिषेक। यह परंपरा केवल भक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धि, सनातनी सामाजिक समरसता और लोकआस्था की श्रेष्ठतम अभिव्यक्ति है।

भांडेर की भूमि पर दूसरी बार गूंजेगा च्बोल बम बोल बमज्ज का उद्घोष पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी भांडेर की पुण्यभूमि पर श्रावण मास शुक्ल पक्ष की दशवी तिथि दिन सोमवार 4 अगस्त को एक भव्य और दिव्य काँवर यात्रा का आयोजन होने जा रहा है। यह यात्रा अपने आप में न केवल एक धार्मिक उत्सव है, बल्कि नगरवासियों की आस्था, एकता और सेवा भावना का भी गौरवपूर्ण प्रतीक है। यह यात्रा सोनतलैया से आरंभ होकर भरौली के प्राचीन शिव मंदिर तक पहुंचेगी, जहाँ जलाभिषेक के साथ यात्रा का समापन होगा।



आपको बता दें कि 4 अगस्त को सुबह 9 बजे तक शिवभक्तों का एकत्रीकरण होगा तत्पश्चात संचलन प्रारंभ होगा।

**यह आस्था और व्यवस्था का विशाल संगम है**

इस वर्ष यह काँवर यात्रा और भी अधिक भव्यता के साथ आयोजित की जा रही है। प्रमोद पुजारी के संरक्षण एवं कांवर यात्रा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के मार्गदर्शन में यह यात्रा सुबह 9 बजे प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शिवधाम भरौली पहुंचेगी। यात्रा का मार्ग होगा । हजारी मोहल्ला,चतुर्भुजराज मंदिर, भैरवजी मंदिर, खाई का बाजार, पानी की टंकी, लहार रोड, विजयराजे सिंधिया चौराहा, पटेल चौराहा, चिरगांव रोड और अंत में भरौली स्थित प्राचीन शिव मंदिर।

## भांडेर एसडीएम ने बाढ़ प्रभावित ग्रामों का किया निरीक्षण

**भांडेर, 3 अगस्त।** विगत दिनों से हो रही अत्यधिक वर्षा के चलते भांडेर तहसील के कई गांव जलभराव की गंभीर स्थिति का सामना कर रहे हैं। शनिवार को एसडीएम सोनाली राजपूत ने ग्राम: गणेशपुरा, महादुआ, जौरी एवं विशेपुरा की पुलियाओं का निरीक्षण कर हालात का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान देखा गया कि इन गांवों को जोड़ने वाली रपटों पर अत्यधिक जलभराव हो चुका है, जिससे आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने सुमन चक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भांडेर, तहसीलदार सुनील भदौरिया भांडेर, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर इन्द्रेश कुमार दोहरे एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनीष सेन को निर्देशित किया कि इन ग्रामों में राहत कैंप एवं शिविर तत्काल प्रभाव से शुरू किए जाएं।

साथ ही, ग्रामीणों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न एवं दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है।